1. निम्न में से कौन से अभिलेख में प्रतिहारों को गुर्जर कहा गया है?

(A) देवल

(B) राधनपुर

(C) नीलगुण्ड

(D) करडाह

(1) 1,4

(2) 1,2,3

(3) 1,2,3,4

(4) 1,2,3

2. महाराणा कुम्भा के विषय में निम्नांकित में से कौन सा कथन असत्य है ?

(A) उन्होंने कुम्भलगढ़ का निर्माण कराया।

(B) वे संगीतप्रेमी थे।

(C) वे मेवाड़ के महान शासकों में से एक थे।

(D) वे स्वयं विद्वान न थे, किन्तु विद्वानों के आश्रयदाता थे।

3. 1679 ई. में मुगल सम्राट औरंगजेब तथा राणा राजसिंह के मध्य उत्पन्न कटुता का प्रमुख कारण था -

(A) औरंगजेब द्वारा 1679 ई. में हिन्दुओं पर पुनः जजिया लगाना।

(B) औरंगजेब द्वारा गोचरभूमि को अधिकार में लेना।

(C) राणा राजसिंह द्वारा किशनगढ़ नरेश की पुत्री चारुमति से विवाह कर लेना।

(D) राणा राजसिंह द्वारा औरंगजेब की हिन्दू विरोधी नीति का प्रतिरोध करना ।

4. 1743 में सवाई जयसिंह की मुत्यु के बाद जयपुर की गद्दी पर कौन आसीन हुआ?

(A) बख्तसिंह

(B) ईश्वरी सिंह

(C) माधोसिंह

(D) उम्मेदसिंह

5. 17 वीं शताब्दी के "सिसोदिया-राठौड़ गठबंधन' में मेवाड़ का शासक था?

(A) महाराणा जगत सिंह प्रथम

(B) महाराणा राजसिंह प्रथम

(C) महाराणा अमर सिंह द्वितीय

(D) महाराणा संग्राम सिंह द्वितीय

6. चेम्बर ऑफ प्रिसेंज का प्रथम चांसलर कौन था?

(A) महाराज भीमसिंह

(B) करणी सिंह

(C) राजसिंह

(D) गंगासिंह

7. किस वर्ष में पृथ्वी राज III ने महोबा के शासक चन्देल को हराया था?

(A) 1191 ई.

(B) 1192 ई.

(C) 1181 ई.

(D) 1182 ई.

8. जालौर के विरुद्ध अलाउद्दीन के अभियान के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए -

A. अलाउद्दीन खिलजी ने मलिक कमाल-उद्-दीन गुर्ग के नेतृत्व में एक शक्तिशाली सेना भेजी।

B. जालौर के दहिया सेजवल बिक्रम को स्वर्ण का लालच देकर सुल्तान की सेना को गुप्त मार्ग से जालौर दुर्ग में प्रवेश करवाया।

(A) A और B दोनो सत्य हैं

(B) A और B दोनों असत्य हैं

(C) केवल A सत्य है

(D) केवल B सत्य है

9. निम्नलिखित में से कौनसा कथन बूँदी के हाड़ा चौहान शासक राव सुर्जन (1554-1585) के संबंध में असत्य है?

(A) इसने मेवाड़ से संबंध विच्छेद कर अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थापित की।

(B) मुगल बादशाह अकबर ने इसे रावराजा की उपाधि दी।

(C) अकबर ने इसको 4000 का मनसब प्रदान किया।

(D) अकबर ने इसको बूँदी के निकट 26 परगने और बनारस के निकट 26 परगने देकर जागीर में वृद्धि की।

10. निम्नलिखित में से कौनसा कथन जाट शासक सूरजमल के संबंध में असत्य है?

(A) 1743 ई. में सवाई जयसिंह के द्वारा किए गए अश्वमेध यज्ञ में भाग लिया।

(B) जयपुर शासक ईश्वरसिंह की सिफारिश पर मुगल बादशाह अहमदशाह ने सूरजमल को 1750 ई. में राजा की पदवी दी।

(C) 1752 ई. में मुगल सम्राट अहमदशाह ने सूरजमल को 'राजेन्द्र' व 'कुंवर बहादुर' की उपाधि दी।

(D) 1754 ई. में सूरजमल के विरूद्ध कुम्हेर के घेरे में मराठा सरदार जयप्पा सिंधिया मारा गया।

11. कतिपय राजपूत शासकों की सूची में से उन दो का चयन करें जिन्होंने मुगलों को सहयोग नहीं दिया-

1. राणा सांगा
2. चन्द्रसेन
3. मानसिंह
4. रायसिंह

(A) 3 और 4
(B) 1 और 2
(C) 2 और 3
(D) 1 और 4

12. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) खालसा भूमि राजा के नियंत्रण में होती थी।

(B) चरणौता भूमि पर राजा का नियंत्रण होता था।

(C) भोमियों को कुछ भूमि उनकी चौकीदारी की सेवाओं तथा मार्गों की सुरक्षा के कर्त्तव्यों को पूरा करने के लिये दी जाती थी।

(D) जागीरी भूमि पर जागीरदार या ठिकानेदार का पैतृक नियंत्रण होता था।


BSTC
(Pre D.El.Ed.)
NEW BATCH
START 11 MARCH
@ 8:00 AM
JOIN NOW
03 DAYS DEMO
FREE
TANISHKA TOWER, SHEOPUR ROAD, GAUSHALA, JAIPUR
HELPLINE NUMBER: 9057143416-17


BSTC
(Pre D.El.Ed.)
NEW BATCH
START 11 MARCH
@ 8:00 AM
JOIN NOW
03 DAYS DEMO
FREE
TANISHKA TOWER, SHEOPUR ROAD, GAUSHALA, JAIPUR
HELPLINE NUMBER: 9057143416-17

13. 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरुद्ध झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तथा तांत्या टोपे को अपनी सेनाओं के वेतन और रसद हेतु धन किसने उपलब्ध करवाया ?

(A) सरदारसिंह

(B) कुशालसिंह चाँपावत

(C) अमरचंद बांठिया

(D) इनमें से कोई नहीं

14. निम्न में से बंदी शासन के विरूद्ध गुर्जरों का कौनसा आन्दोलन था?

(A) शेखावाटी किसान आन्दोलन

(B) बरड़ किसान आन्दोलन

(C) बेगूँ किसान आन्दोलन

(D) बिजोलिया किसान आन्दोलन

15. राजस्थान की राष्ट्रवादी पत्रकारिता के बारे में निम्नलिखित कथनो में से सही उत्तर का चयन किजिए-

1. राजस्थान सेवा संघ ने नवीन राजस्थान, जिसको कई रियासतों में प्रतिबंधित कर दिया था, की जगह तरूण राजस्थान को प्रकाशित किया।

2. बूँदी किसान आंदोलन की खबरों के प्रसार में तरूण राजस्थान ने सक्रिय भूमिका निभाई।

(A) केवल 1 सही है
(B) न तो 1 न ही 2 सही है
(C) केवल 2 सही है
(D) दोनो 1 और 2 सही है

16. निम्न में से कौनसा कथन नारायणी देवी वर्मा के सन्दर्भ में गलत है?

(A) उन्हें 1942 के आन्दोलन में भाग लेने के लिए जेल जाना पड़ा।

(B) उन्होनें 1944 में भीलवाड़ा में महिला आश्रम की स्थापना की।

(C) वह 1957 से 1962 तक लोकसभा की सदस्य रही।

(D) वह 1970 से 1976 तक राज्य सभा की सदस्य रही ।

17. कीर्ति स्तम्भ की मूर्तिकला के संबंध में इनमें से कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) स्तम्भ के प्रवेश द्वार पर जनार्दन की मूर्ति उत्कीर्ण है।

(B) पाँचवीं मंजिल पर युग्म मूर्तियाँ हैं।

(C) सातवीं मंजिल पर बुद्ध की प्रतिमा है।

(D) आठवीं मंजिल पर महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली की मूर्तियाँ हैं।

18. श्रृंगार चंवरी मंदिर के विषय में सही कथनों का चयन कीजिए-

1. इसका मध्य भाग गोलाकार जैन गुम्बद से ढका है।

2. इसका निर्माण कुंभा के कोषाध्यक्ष के पुत्र भण्डारी वेलका/वेका ने करवाया था।

3. इस मंदिर की योजना गोलाकार है।

4. इसके चारों ओर से चार पंख निकले हुए हैं।

सही उत्तर का चयन कीजिए -

(A) केवल 2 और 3
(B) केवल 1, 2 और 3
(C) केवल 1, 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4

19. निम्नलिखित में से कौनसी हवेलियां मण्डावा में स्थित है?

1. लादूराम तार्केश्वर गोयनका हवेली
2. रामगोपाल पदनलाल मूरमूरिया हवेली
3. सलाम सिंह की हवेली
4. हरचंदलाल धांधनिया की हवेली

कूट :

(A) केवल 1 व 3
(B) केवल 2, 3 व 4
(C) केवल 1, 2 व 3
(D) केवल 1 व 2

20. कथन (A) : वर्षा जल संग्रहण जल संरक्षण की एक प्रभावशाली विधि है।

कारण (R) : पश्चिमी राजस्थान में परम्परागत जल संरक्षण की विधियाँ अभी भी प्रभावशाली है।

सही कूट का चयन करें-

(A) A व R दोनों सही है। R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(B) A व R दोनों सही है। R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) A सही है, R गलत है।

(D) A गलत है, R सही है।

21. हवा महल जयपुर के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गये कूट में से प्रश्न का उत्तर दीजिए-

1. हवा महल एक पांच मंजिला संरचना है।
2. हवा महल महाराजा सवाई प्रताप सिंह द्वारा बनवाया गया था।
3. हवा महल में 983 झरोखे या जटिल डिजाइनों से सजाई गई खिड़कियां है।

हवा महल के बारे में ऊपर दिये गये कथनों में से कौनसा/से कथन सही है / हैं?

(A) 2 और 3
(B) 1,2 और 3
(C) 1 और 3
(D) 1 और 2

22. किशनगढ़ चित्रशैली के विषय में कौनसा कथन असत्य है?

(A) मानव आकृतियाँ अपेक्षाकृत लम्बी व पतली होती है।

(B) विषयवस्तु मुख्यतः कृष्ण लीला है।

(C) चित्रो की पृष्ठभूमि में हरे रंग का आधिपत्य है।

(D) रूकनुद्दीन इस शैली का प्रमुख चित्रकार था।

23. उन लोक देवताओं को चिह्नित कीजिए, जिनकी जीवन कथाओं में गौ-रक्षा के प्रकरण हैं -

(i) गोगाजी

(ii) तेजाजी

(iii) पाबूजी

(iv) देवजी

सही कूट का चयन कीजिए -

(A) (i), (ii) एवं (iv)

(B) (i) एवं (iii)

(C) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

(D) (i) एवं (ii)

24.नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन (I) : दादूदयाल (राजस्थान के कबीर) का जन्म अलवर के धोलीदुब/दोलीदुब गाँव में 1542 AD में फाल्गुन शुक्ल नवमी को हुआ था।

कथन (II) : दादू ने सामान्य भाषा (साधुक्कडी) में ब्रह्म, जीव, जगत और मोक्ष पर अपने उपदेश दिए।

उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।

(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।

(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।

(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।

(D) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।

25. मारवाड़ क्षेत्र का लोकप्रिय त्योहार घुड़ला मनाया जाता है?

(A) श्रावण कृष्ण अष्टमी से श्रावण शुक्ल तृतीया तक

(B) भाद्रपद कृष्ण अष्टमी से श्रावण शुक्ल तृतीया तक

(C) कार्तिक कृष्ण अष्टमी से कार्तिक शुक्ल तृतीया तक

(D) चैत्र कृष्ण अष्टमी से चैत्र शुक्ल तृतीया तक


BSTC
(Pre D.El.Ed.)
NEW BATCH
START 11 MARCH
@ 8:00 AM
JOIN NOW
03 DAYS DEMO FREE
TANISHKA TOWER, SHEOPUR ROAD, GAUSHALA, JAIPUR
HELPLINE NUMBER: 9057143416-17


BSTC
(Pre D.El.Ed.)
NEW BATCH
START 11 MARCH
@ 8:00 AM
JOIN NOW
03 DAYS DEMO FREE
TANISHKA TOWER, SHEOPUR ROAD, GAUSHALA, JAIPUR
HELPLINE NUMBER: 9057143416-17